# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

**क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोप0/2025/2490** **दिनांक : 25.02.2025**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र
ग्वालियर

विषयः- परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान किये जाने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि माननीय कुलगुरू महोदय की अध्यक्षता में स्नातक मुख्य परीक्षा 2025 के सुचारू संचालन हेतु अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक दिनांक 19.02.2025 के कार्य विवरण (संलग्न) के बिन्दु क्रमांक-10 के सम्बंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ऑन लाईन बैठक बुलाकर सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षा में सहयोग प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को सात दिवस में सूचित करें।

संलग्न : कार्य विवरण की छायाप्रति।

**आदेशानुसार**

**कुलसचिव**

प्रतिलिपिः-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर-चम्बल संभाग, ग्वालियर।
2. माननीय कुलगुरू महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

**उप-कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय)**

# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

**// कार्य विवरण //**

स्नातक मुख्य परीक्षा 2025 के सुचारू संचालन हेतु अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आज दिनांक 19.02.2025 को दोपहर 02.00 बजे माननीय कुलगुरू महोदय की अध्यक्षता में टण्डन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित प्राचार्य/उनके प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित हुयेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 राज कुमार आचार्य, कुलगुरू जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर | - | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 के0 रत्नम, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर-चम्बल संभाग | - | उपस्थित |
| 3. | श्री अरूण सिंह चौहान, कुलसचिव | - | उपस्थित |
| 4. | डॉ0 बी0पी0एस0 जादौन,प्राचार्य, साइंस कॉलेज, ग्वालियर | - | उपस्थित |
| 5. | डॉ0 एस0एस0 सैंगर, साइंस कॉलेज, ग्वालियर | - | उपस्थित |
| 6. | डॉ0 आर0ए0 शर्मा, प्राचार्य, शासकीय एम0जे0एस0 कॉलेज, भिण्ड | - | उपस्थित |
| 7. | डॉ0 भारती शुक्ला, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, मुरैना | - | उपस्थित |
| 8. | प्रो0 महेन्द्र कुमार, प्राचार्य प्रतिनिधि, शासकीय माधवराव सिंधिया कॉलेज, शिवपुरी | - | उपस्थित |
| 9. | डॉ0 कोक सिंह दादौरिया, प्राचार्य प्रतिनिधि, शासकीय पी0जी0 कॉलेज, दतिया | - | उपस्थित |
| 10. | प्रभारी परीक्षा नियंत्रक | - | उपस्थित |
| 11. | सहायक-कुलसचिव(गोपनीय) | - | उपस्थित |
| 12. | प्रभारी आई0टी0 सेल | - | उपस्थित |
| 13. | कुलसचिव के गोपनीय सहायक | - | उपस्थित |

निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गईः-

1. माननीय कुलगुरू डॉ0 राज कुमार आचार्य, की अध्यक्षता में प्रथम बैठक आयोजित हुई जिसमें उपरोक्त समस्त सदस्यों द्वारा माननीय कुलगुरू महोदय का स्वागत किया गया।

2. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा द्वारा प्रस्तावित किया गया कि विश्वविद्यालयीन परीक्षायें दो पालियों में सम्पन्न कराई जायें।जिससे सम्बंधित महाविद्यालय के स्टाफ को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

3. जिन महाविद्यालयों से भौतिक सत्यापन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त नहीं हुई है, उनके लिये सम्बंधित क्षेत्र के लीड कॉलेज के प्राचार्य से फोन पर जानकारी लेकर कार्यवाही करें।

4. स्थानीय उड़नदस्ते के लिये कलेक्टर रेट पर वाहन लेने एवं परीक्षा संचालन शुल्क के व्यय के सम्बंध में एक समिति गठित की जाये जिसमें दो शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा विश्वविद्यालय वित्त नियंत्रक को सम्मिलित किया जाये। समिति विचारोपरान्त इस सम्बंध में अपने सुझाव प्रस्तुत करें।

5. सभी शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को एक सामान्य पत्र जारी करें की बी0एड0 की अंकसूचियां 15 दिवस के अन्दर छात्रों को वितरित की जायें। छात्रों की शिकायत होने पर कि निर्धारित समय के अन्दर अंकसूची वितरित न करने की स्थिति में सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य तथा महाविद्यालय के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

6. आई0टी0 सेल, एबीसी आईडी में करेक्शन के लिये प्रत्येक महाविद्यालय को लिस्ट के साथ वाट्सअप/फोन/मेल पर सूचित करें।

7. परीक्षा प्रारम्भ होने के चार दिवस पूर्व तक परीक्षा आवेदन पत्र भरने की वर्तमान व्यवस्था को सभी प्राचार्यों द्वारा सराहा गया और प्रशंसा की गई तथा इसे परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु छात्रों एवं विश्वविद्यालय के हित में बताया गया।

8. आई0टी0 सेल प्रभारी को निर्देशित किया जाये कि मुख्य परीक्षा एवं एटीकेटी परीक्षा के विषयों के चयन हेतु सत्र वार अलग-अलग बास्केट ऑन लाईन बनाई जाये। जिससे गलती की संभावना न हो। उक्त कार्य 15 दिवस में पूर्ण किया जाये।

9. अगले सत्र से पी0जी0 समाजशास्त्र और इतिहास में बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक बुलाकर वैकल्पिक प्रश्नपत्रों की संख्या के सम्बंध में आवश्यक निर्णय लिये जायें। उक्त कार्य दो माह में पूर्ण किया जाये।

10. लीड कॉलेज के प्राचार्य अपने - अपने क्षेत्रांतर्गत महाविद्यालयों को प्राचार्यों की बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करें।

11. अतिरिक्त सचांलक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों की सूची उड़नदस्ते के लिये उपलब्ध कराई जायेगी।

12. बैठक के अंत में कुलसचिव महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**कुलसचिव**